# इनोवेशन को बढ़ावा देगा यूपीईएस का एआई सेंटर ऑफ एक्सीलेंस

**देहरादून (एसएनबी)।** यूपीईएस ने छात्रों के भविष्य को ध्यान में रखते हमेशा इनोवेशन को आगे बढ़ाया है और एक्सीलेंस के लिए नए मानक स्थापित किए हैं। यूपीईएस का एआई सेंटर आफ एक्सीलेंस इनोवेशन को बढावा देने के साथ ही छात्रों, शिक्षकों और शोधकर्ताओं को सशक्त बनाने की दिशा में कार्य रहा है।

यूपीईएस का एआई सेंटर विभिन्न क्षेत्रों में सहयोग को बढ़ावा देने के साथ ही इंडस्ट्री पार्टनरशिप के लिए एक केंद्र के रूप में कार्य करते हुए ज्वाइंट रिसर्च प्रोजेक्ट्स, इंटर्नशिप और प्लेसमेंट के अवसर प्रदान कर रहा है। इसके अलावा सेंटर छात्रों को आवश्यक एआई स्किल्स से लैस करने के लिए विशेष कोर्सेज और ट्रेनिंग प्रोग्राम चलाएगा जिससे प्लेसमेंट में आसानी रहेगी। सेंटर इनोवेशन को बढ़ावा देगा और क्षेत्रीय व राष्ट्रीय स्तर पर आर्थिक विकास में योगदान देगा। विभिन्न पहलों के माध्यम से यूपीईएस एक मजबूत इकोसिस्टम प्रदान करके इनोवेटर्स और इंटरप्रेन्योर व औंतप्रेन्योर की अगली पीढ़ी का पोषण करता है जो क्रिएटिविटी, क्रिटिकल थिंकिंग और एन्त्रेप्रेंयूरिअल स्पिरिट व उद्यमशीलता की भावना को प्रोत्साहित करता है। यूपीईएस इंडस्ट्री लीडर्स से मार्गदर्शन प्रदान करने के साथ ही कोलैबोरेटिव प्रोजेक्ट्स को बढ़ावा देता है जो छात्रों को वास्तविक दुनिया की चुनौतियों से निपटने की क्षमता को बढ़ाता है।